जिमी मिस्त्री और डेला टाउनशिप्स ने रायपुर में घुड़सवारी थीम पर आधारित लक्ज़री टाउनशिप का शुभारंभ किया

रायपुर। डेला टाउनशिप्स के संस्थापक जिमी मिस्त्री ने आज रायपुर में छत्तीसगढ़ की पहली घुड़सवारी-थीम पर आधारित एकीकृत लक्ज़री टाउनशिप 'डेला रेसकोर्स' के शुभारंभ की घोषणा की। इस ऐतिहासिक अवसर पर उनके साथ साझेदार आरडीबी ग्रुप के विनोद दुग्गर, नाहर ग्रुप के सुखराज नाहर, अनेकांत ग्रुप के धर्मेंद्र केआर जैन और आरकेसीएएक्सटी के धीरज राठी मौजूद थे।

यह टाउनशिप 50 एकड़ में फैली है और इसमें लक्ज़री आवास, अंतरराष्ट्रीय स्तर के रेसकोर्स व पोलो सुविधाओं के साथ-साथ एक अनोखा आतिथ्य-संचालित रियल एस्टेट मॉडल शामिल है। इसे डेला के स्वामित्व वाले सीडीडीएमओ मॉडल (कांसेप्ट, डिसाईन , डेवलपमेंट, मार्केटिंग ,सेल्स, ऑपरेशन) के तहत विकसित किया जा रहा है।

इस घुड़सवारी-आधारित टाउनशिप का केंद्र 8 एकड़ का रेसकोर्स और इंटरनेशनल पोलो क्लब है। पोलो मैचों, घुड़सवारी ड्रेसेज और लाइफस्टाइल मनोरंजन के लिए डिज़ाइन किया गया यह स्थल विश्वस्तरीय कार्यक्रमों और सामाजिक आयोजनों की मेजबानी करेगा, जिससे रायपुर भारत के लक्ज़री जीवनशैली मानचित्र पर और अधिक सशक्त रूप से स्थापित होगा।

डेला समूह के संस्थापक जिमी मिस्त्री ने कहा-एक डिज़ाइन भविष्यवादी के रूप में मैं भविष्य का अनुसरण नहीं करता, बल्कि उसे डिज़ाइन करता हूँ। हर डेला टाउनशिप नवाचार, मानव कल्याण और कलात्मक दृष्टिकोण का पारिस्थितिकी तंत्र है। हम केवल टाउनशिप नहीं बना रहे, बल्कि भारत के जीवन, कार्य और सपनों का भविष्य गढ़ रहे हैं। विनोद दुगर, प्रमोटर, आरडीबी ग्रुप ने कहा- हमें इस परियोजना में श्री जिमी मिस्त्री के साथ सहयोग करने पर गर्व है। उनकी लग्जरी डेवलपमेंट विशेषज्ञता इस टाउनशिप को अंतरराष्ट्रीय लैंडमार्क बनाएगी और छत्तीसगढ़ को वैश्विक लग्जरी रियल एस्टेट मानचित्र पर स्थापित करेगी।

रायपुर को मिलेगा नया पहचान चिन्ह

'डेला रेसकोर्स' रायपुर को भारत के लक्ज़री लाइफस्टाइल मानचित्र पर स्थापित करेगा। 8 एकड़ का अत्याधुनिक रेसकोर्स और इंटरनेशनल पोलो क्लब इस टाउनशिप का केंद्र होगा, जहाँ पोलो मैच, घुड़सवारी ड्रेसेज और विश्वस्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन होगा।